गर्भाशय कैंसर के लक्षणों को लेकर चिंतित हैं?

Hindi version

हमेशा पेट का फूला हुआ रहना?
हमेशा भारीपन महसूस करती हैं?

पेट में दर्द रहता है?

पेशाब अधिक लगता है?

गर्भाशय कैंसर के लक्षण क्या हैं?

- लगातार सूजन रहना
- जल्द ही पेट भर जाना और / या भूख की कमी महसूस करना
- पेड़ू या पेट में दर्द (यह आपके पेट व उससे नीचे का हिस्सा होता है)
- मूत्र संबंधित लक्षण (सामान्य से अधिक या जल्दी-जल्दी पेशाब जाने की आवश्यकता महसूस करना)

कभी-कभी अन्य लक्षण भी हो सकते हैं:

- शौच की आदतों में परिवर्तन (जैसे दस्त या कब्ज)
- अत्याधिक थकान (बहुत अधिक थका हुआ महसूस करना)
- असामान्य तरीके से वजन का घटना

रजोनिवृत्ति के बाद होने वाले किसी भी रक्तस्राव की जांच हमेशा स्त्री रोग विशेषज्ञस्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा की जानी चाहिए।

गर्भाशय कैंसर के लक्षण हैं:

- **अक्सर** - वे आम तौर पर महीने में 12 बार से अधिक होते हैं
- **लगातार** - वे दूर नहीं होते
- **नया** - वे आपके लिए सामान्य नहीं हैं और पिछले वर्ष भी शुरू हो सकते हैं

क्या आप अपने लक्षणों को लेकर चिंतित हैं?

अगर आप नियमित रूप से इनमें से एक या उससे अधिक लक्षणों को महसूस करते हैं, जो आपके लिए सामान्य नहीं हैं, तो आपके लिए डॉक्टर की सलाह लेना आवश्यक है। यह जरूरी नहीं है कि आपके लक्षण किसी गंभीर समस्या की वजह से ही हों लेकिन उसकी जांच कराना महत्वपूर्ण है।

अपने अपॉइंटमेंट की तैयारी करें

- हमारी निशुल्क गर्भाशय कैंसर लक्षणों की डायरी (प्रिंट या ऐप के रूप में उपलब्ध है) का उपयोग करके अपने लक्षणों की जांच करें: targetovariancancer.org.uk/symptomsdiary
- अपने परिवार की मेडिकल हिस्ट्री के बारे में पता करें। अगर आपके परिवार में दो या दो से अधिक लोगों को गर्भाशय या ब्रेस्ट कैंसर हो तो इसके बारे में अपने स्त्री रोग विशेषज्ञस्त्री रोग विशेषज्ञ को बताएं।

आपके स्त्री रोग विशेषज्ञ क्या परीक्षण कर सकते हैं?

- यदि आपके लक्षण लगातार होते हैं तो आपके स्त्री रोग विशेषज्ञ को सीए125 ब्लड टेस्ट का निर्देश देना चाहिए
- वे आपके पेट और गर्भाशय का अल्ट्रासाउंड स्कैन भी करवा सकते हैं

इसके आगे क्या करना है?

- आगे की प्रक्रिया के बारे में अपने स्त्री रोग विशेषज्ञ से पूछिए
- निरंतरता बनाए रखें! कुछ हफ्तों में अगर आपके लक्षण दूर नहीं होते हैं तो स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास वापस आएं या किसी अन्य की सलाह लें।

आपको और अधिक जानकारी कहां मिल सकती है?

टार्गेट ओवेरीअन कैंसर

2 एन्जिल गेट, लंदन ईसी1वी2पीटी

020 7923 5475

info@targetovariancancer.org.uk

targetovariancancer.org.uk

facebook.com/TargetOvarianCancer

@TargetOvarian

सटीक और उच्च गुणवत्ता युक्त जानकारियों को सुनिश्चित करने के लिए इस सूचना को इंफॉर्मेशन स्टैंडर्ड स्कीम द्वारा अनुमोदित किया गया है।

अंतिम समीक्षा: जून 2017

अगली समीक्षा: मई 2020

© टार्गेट ओवेरीअन कैंसर 2017

टार्गेट ओवेरीअन कैंसर इंग्लैंड और वेल्स (नंबर 6619981) में पंजीकृत गारंटी वाली कंपनी है। पंजीकृत कार्यालय: 2 एन्जिल गेट, लंदन ईसी1वी2पीटी।

रजिस्टर्ड चैरिटी नंबर्स 1125038 (इंग्लैंड और वेल्स) और एससी042920 (स्कॉटलैंड)